अध्याय 7

जलप्रलय का आगमन

नूह का छुटकारा और संसार पर परमेश्वर का न्याय, अध्याय 7 में भी जारी है। अध्याय 6 सकारात्मक वक्तव्य "परमेश्वर की इस आज्ञा के अनुसार नूह ने किया" (6:22) के साथ समाप्त होता है। जब जहाज़ बनकर तैयार हो गया तो परमेश्वर ने नूह को इसमें प्रवेश करने का निर्देश दिया (7:1-10) ताकि वह आने वाले जलप्रलय से बच सके (7:11-16)। जलप्रलय के पानी ने पूरी पृथ्वी को ढांक लिया और धरती के सभी जीवित प्राणियों को समाप्त कर दिया; केवल वही बचे जिन्हें जहाज़ के अंदर शरण मिली थी (7:17-24)।

जहाज़ में प्रवेश के लिए परमेश्वर की आज्ञा (7:1-10)

[1]और यहोवा ने नूह से कहा, तू अपने सारे घराने समेत जहाज़ में जा; क्योंकि मैं ने इस समय के लोगों में से केवल तुझी को अपनी दृष्टि में धर्मी देखा है। [2]सब जाति के शुद्ध पशुओं में से तो तू सात सात, अर्थात नर और मादा लेना: पर जो पशु शुद्ध नहीं है, उन में से दो दो लेना, अर्थात नर और मादा; [3]और आकाश के पक्षियों में से भी, सात सात, अर्थात नर और मादा लेना कि उनका वंश बचकर सारी पृथ्वी के ऊपर बना रहे। [4]क्योंकि अब सात दिन और बीतने पर मैं पृथ्वी पर चालीस दिन और चालीस रात तक जल बरसाता रहूंगा; जितनी वस्तुएं मैं ने बनाईं हैं सब को भूमि के ऊपर से मिटा दूंगा। [5]यहोवा की इस आज्ञा के अनुसार नूह ने किया। [6]नूह की अवस्था छ: सौ वर्ष की थी, जब जलप्रलय पृथ्वी पर आया। [7]नूह अपने पुत्रों, पत्नी और बहुओं समेत, जलप्रलय से बचने के लिये जहाज़ में गया। [8]और शुद्ध, और अशुद्ध दोनों प्रकार के पशुओं में से, पक्षियों, [9]और भूमि पर रेंगने वालों में से भी, दो दो, अर्थात नर और मादा, जहाज़ में नूह के पास गए, जिस प्रकार परमेश्वर ने नूह को आज्ञा दी थी। [10]सात दिन के उपरान्त प्रलय का जल पृथ्वी पर आने लगा।

आयत 1. नूह को **जहाज़** बनाने का आदेश देने के कई वर्ष बाद, परमेश्वर ने **नूह** को उसमें अपने सारे परिवार के साथ **जाने** के लिए कहा, क्योंकि वह **उसकी दृष्टि में धर्मी था**। यह भाव उस दुष्टता के विरोध में था जिसे परमेश्वर ने 6:5 में "देखा" था, इसके अलावा यह इस तथ्य के विरोध में भी था कि परमेश्वर ने 6:11 में संसार को "भ्रष्ट" और बर्बाद देखा। एक बार फिर, परमेश्वर ने कहा कि उसने

देखा था कि नूह "धर्मी" है। यहाँ पर दिया गया विचार 6:9 में एक के समान है। इसका अर्थ यह नहीं है कि जहाज़ बनाने की नूह की आज्ञाकारिता के कारण वह परमेश्वर की दृष्टि में "धर्मी" जन का स्थान ले चुका था।

आयतें 2, 3. परमेश्वर ने नूह से कहा, **"सब जाति के शुद्ध पशुओं में से तो तू सात-सात, अर्थात नर और मादा लेना ... और आकाश के पक्षियों में से भी, सात-सात, अर्थात नर और मादा लेना।"** इब्रानियों की पत्री के अनुसार परमेश्वर ने नूह को सभी शुद्ध पशु और पक्षियों को सात-सात करके जहाज़ में ले जाने की आज्ञा दी थी। यहाँ पर प्रश्न उठता है कि क्या इस अभिव्यक्ति के अनुसार प्रत्येक प्रजातियों में से सात या चौदह शुद्ध पशु थे। KJV में पहले-पहले प्रतीत होता है कि सभी पशुओं और पक्षियों में से सिर्फ सात के बारे में कहा गया है परन्तु बाद में "नर और मादा" दोनों को शामिल किया गया है। NRSV में सभी शुद्ध पशु और पक्षियों को "नर और मादा" को "सात जोड़े" के रूप में बताया गया है (देखें ESV; NJPSV; REB)। हो सकता है कि बाद वाला विचार सही हो क्योंकि "सात-सात के जोड़ों" के कथन द्वारा "एक नर और मादा" थे, प्रत्येक प्रजाति के सात जोड़ों के विषय में सुझाया हुआ दृश्य, शायद सही है। परमेश्वर ने नूह को जहाज़ में उन पशुओं को भी ले जाने के लिए कहा जो शुद्ध नहीं थे। **दो-दो करके** या "जोड़ी" में (NRSV; ESV; REB) प्रत्येक प्रजातियों में से **नर और मादा** संरक्षित किए जा रहे थे (देखें 6:19)। इन निर्देशों का पालन करने के द्वारा, नूह को जल प्रलय के बाद सभी प्रजातियों को जीवित रखना होगा।

मूसा की व्यवस्था दिये जाने से काफी समय पहले[1], शुद्ध और अशुद्ध पशु पक्षियों के बीच एक अंतर स्थापित किया जा चुका था। यह इस बात को साबित नहीं करता, जैसा कि सुझाया गया है, कि यहूदी लेखकों ने बाद में अतीत को मूसा की व्यवस्था में पुनः प्रस्तुत किया था। दरअसल, यह इस बात पर जोर देता है कि, बहुत पहले ही, परमेश्वर ने उन पशु पक्षियों को जो बलिदान के लिए (शुद्ध) थे और उनके जो बलिदान के लिए स्वीकार्य नहीं (अशुद्ध) थे के बीच में अंतर रखा था। यही नियम मूसा की व्यवस्था में शामिल किया गया था (लैव्य. 11:1-47; व्यव. 14:3-20) और उस समय तक वैध बने रहे जब तक कि बलिदान का कार्य क्रूस पर हमेशा के लिए यीशु के बलिदान के द्वारा पूरा न किया गया (इब्रा. 7:27; 9:12, 28; 10:10)।

आयत 4. बाइबल यह नहीं बताती की कितने समय तक परमेश्वर ने सबसे पहली घोषणा की, कि वह जल प्रलय भेजेगा, विलम्ब किया, लेकिन यह शायद कुछ वर्षों का रहा होगा, ताकि नूह को जहाज़ के निर्माण के लिए समय मिल जाए। वचन 4 में, परमेश्वर उस समय को व्यक्त करता क्योंकि जल प्रलय से पहले की पीढ़ी के लिए उसकी सहनशीलता और अनुग्रह का समय लगभग खत्म हो गया था। बिना किसी भी देरी के - सिर्फ **सात और दिनों में - वह पृथ्वी पर वर्षा भेजने वाला था। वर्षा चालीस दिन और चालीस रात** होती रही।[2] मूसलाधार वर्षा इतनी भयानक थी कि हर जीवित प्राणी जिसे परमेश्वर ने बनाया था भूमि पर से मिट जाएगा।

आयत 5. लेखक फिर से बताता है कि **नूह ने यहोवा की आज्ञा के अनुसार ही किया**। 6:22 में शब्द से शब्द का यह दोहराव दिखाता है कि, आने वाले चरणों में, नूह ने परमेश्वर की आज्ञाओं को माना। इस प्रकार का कथन इस्राएलियों के लिए (और बाद में मसीहियों के लिए) महत्वपूर्ण है जिन्हें यह जानने की आवश्यकता है कि आज्ञाकारिता बहुत महत्वपूर्ण है अगर परमेश्वर के लोग उसकी आशीषों का आनंद उठाना चाहते हैं।

आयतें 6, 7. नूह अपने पुत्रों, पत्नी और बहुओं समेत, जलप्रलय से बचने के लिये जहाज़ में गया - "सभी आठ" (1 पतरस 3:20; NIV)। 7:6 के अनुसार, जल प्रलय के पहले **नूह छह सौ वर्ष का था।** यह जानकारी, 5:32 में नूह की आयु के बारे में दिए गये कथन के साथ मिला कर देखे जाने पर, संकेत करता है कि उसके एक बेटे की आयु जल प्रलय के समय कम से कम एक सौ वर्ष के लगभग रही होगी (10:21; 11:10 पर टिप्पणी देखें) पर पाठ जल प्रलय के बाद अन्य किसी भी बच्चे के जन्म का उल्लेख नहीं करता है, भले ही नूह "तीन सौ पचास वर्ष" और जीवित रहा (9:28)।

आयतें 8, 9. ये वचन हमें सूचित करते हैं कि **नूह** ने **परमेश्वर** के निर्देश के अनुसार कार्य किया जो उसे 7:2, 3 में दिया गया था, यहाँ शुद्ध अशुद्ध भी पशुओं और पक्षियों तथा ज़मीन पर रेंगने वाले जंतुओं को अपने साथ **जहाज़ में** अपने साथ ले गया। प्रभु के आदेश के अनुसार, **पशु दो-दो के जोड़ों में, नर और मादा की तरह प्रवेश करने लगे**।

कुछ टीकाकारों का तर्क है कि उत्पत्ति के लेखक द्वारा विभिन्न स्रोतों के प्रयोग के कारण 7:2, 3 और 7:8, 9, के बीच एक अलगाव है। हालांकि, इन दोनों वचनों के बीच कोई विरोधाभास मौजूद नहीं है। पहले वर्णन में, यह उल्लेख है कि शुद्ध पशुओं के सात जोड़े और अशुद्ध पशुओं में से एक-एक जोड़ी को जल प्रलय से संरक्षित किया जाना था जबकि बाद के वर्णन में कहा गया है कि दोनों शुद्ध और अशुद्ध पशुओं ने जोड़ों में जहाज़ में प्रवेश किया। इसलिए लेखक के पास 7:8, 9 में शुद्ध पशुओं के सात जोड़े का उल्लेख करने का कोई विशेष कारण नहीं था।

आयत 10. सात दिनों के पूरा होने पर,**जल प्रलय** आरम्भ हुआ, जैसा कि परमेश्वर ने भविष्यवाणी की थी। जल प्रलय के पहले नूह और उसके परिवार ने किस प्रकार अपना अंतिम सप्ताह बिताया होगा इस बात को लेकर बहुत ही अटकलें लगाई जाती हैं। कुछ सुझाव देते है कि नूह ने अपने समाज के दुष्ट लोगों को प्रचार करना जारी रखा था। शायद वह और उसका परिवार अपनी भटकी हुई पीढ़ी के लिए प्रार्थना और विलाप करते थे। एक और अलग प्रस्ताव सामने आता है कि वे जहाज़ में अपने लिए बनाये गये कमरे में एक सप्ताह तक रहने लगे थे ताकि अपने आप को आगे की लम्बी यात्रा के लिए तैयार कर सकें। हालाँकि पहली दो बातों में से एक संभव हैं, अंतिम संभावना से इनकार किया जाना चाहिए क्योंकि वचन 12 और 13 इस बात की ओर संकेत करते है कि वर्षा उसी दिन आरम्भ हुई जब नूह और उसके परिवार ने जहाज़ में प्रवेश किया था।[3] हमें

इस बारे में कोई सटीक विवरण नहीं दिया गया है कि वे जल प्रलय से पहले अंतिम सात दिनों के दौरान क्या कर रहे थे। वचन 13 में इब्रानी क्रिया रूप "प्रवेश किया," בָּא *(बा)* संकेत करता है कि परिवार ने वर्षा आरम्भ होने के दिन में जहाज़ पर प्रवेश कर लिया था। उसी तरह से, वे पशु, पक्षियों और सभी रेंगने वाले जन्तुओं को उनके लिए बनाये गये अलग डिब्बों और घोंसलों में रख रहे थे, और साथ ही एक वर्ष से अधिक समय के लिए सभी आपूर्ति को एकत्रित कर लिया जिनकी उन्हें जहाज़ छोड़ने तक आवश्यकता थी।

जल प्रलय का प्रारम्भ (7:11-16)

[11]जब नूह की अवस्था के छः सौवें वर्ष के दूसरे महीने का सत्तरहवां दिन आया; उसी दिन बड़े गहरे समुद्र के सब सोते फूट निकले और आकाश के झरोखे खुल गए। [12]और वर्षा चालीस दिन और चालीस रात निरन्तर पृथ्वी पर होती रही। [13]ठीक उसी दिन नूह अपने पुत्र शेम, हाम, और येपेत, और अपनी पत्नी, और तीनों बहुओं समेत, [14]और उनके संग एक एक जाति के सब बनैले पशु, और एक एक जाति के सब घरेलू पशु, और एक एक जाति के सब पृथ्वी पर रेंगने वाले, और एक एक जाति के सब उड़ने वाले पक्षी, जहाज़ में गए। [15]जितने प्राणियों में जीवन की आत्मा थी उनकी सब जातियों में से दो दो नूह के पास जहाज़ में गए। [16]र जो गए, वह परमेश्वर की आज्ञा के अनुसार सब जाति के प्राणियों में से नर और मादा गए। तब यहोवा ने उसका द्वार बन्द कर दिया।

आयत 11. जल प्रलय की महत्वपूर्ण घटनाओं की तिथियों को ठीक रीती से वर्णित किया गया है: **नूह के जीवन के छः सौवें वर्ष में, दूसरे महीने में, महीने के सत्रहवें दिन पर जल प्रलय शुरू हुआ।** समय की इन सटीक अवधियों का प्रयोग जल प्रलय की कथा के वर्णन की ऐतिहासिकता के लिए तर्क वितर्क करता है। इसके विपरीत, मेसोपोटामिया के जल प्रलय की कहानियों का उनकी पौराणिक कथाओं के लिए कोई ऐतिहासिक ढांचा या प्रमाण नहीं है। यहां तक कि इस सटीक जानकारी के साथ "दूसरे महीने" की तिथि स्थापन अनिश्चित है क्योंकि दो विभिन्न कैलेंडर यहूदी लोगों द्वारा उनके इतिहास में प्रयोग किए गये हैं। नागरिक (या कृषि) कैलेंडर के अनुसार, पहला महीना शरद ऋतु का था (देखें निर्गमन 23:16; 34:22); धार्मिक कैलेंडर के अनुसार, पहला महीना वसंत ऋतु का था (निर्गमन 12:2, 18; व्यव. 16:1, 6)।[4] उत्पत्ति 8:22 के अनुसार, "बोने के समय" के विषय में तथ्य यह है कि नूह ने जहाज़ छोड़ने के बाद (9:20) "खेती करना प्रारम्भ किया और दाख की बारी लगाई," यह बात स्थापित करती है कि जिस समय उसने अपने परिवार के साथ जहाज़ में प्रवेश किया था और जब वह अपने परिवार समेत एक वर्ष और दस दिन बाद बाहर आया तो उस समय शरद काल था (8:14-19)।[5]

"महीने के सत्रहवें दिन," मूल रचना के विपरीत पृथ्वी के ऊपर और नीचे पानी फिर से बढ़ने लगा (देखें 1:7)। संसार के इस विनाश में, अत्यंत गहरे सोते फूट गये। ज़ाहिर है, इस प्रक्रिया में **भूमिगत जल के सोते** (भूमिगत नदियों और धाराओं) और संभवतः भूगर्भ का पानी शामिल है जो कि पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद था।

इसके अलावा, **आकाश के झरोखे खोले गए**। "झरोखे" जो कि אֲרֻבָּה *(अरुब्बाह)* शब्द से लिया गया है, जिसका वास्तविक अर्थ "खिड़की" है। इस शब्द को शाब्दिक रूप से नहीं लिया जाना चाहिए, जैसा कि कुछ ने किया है।[6] यह साधारणतः विनाशकारी मूसलाधार वर्षा का वर्णन करने के लिए प्रयोग किया गया एक आलंकारिक तरीका है जिसके द्वारा पुराने संसार को नष्ट करने के लिए इन "झरोखों" (खिड़की)[7] के माध्यम से पानी आया था।। बाद में बाइबलीय लेखों से यह स्थापित होता है कि परमेश्वर ही है जो इन "झरोखों" को अपने लोगों पर महान आशीषों को उंडेलने के लिए खोलता है (2 राजा 7:2, 19; मलाकी 3:10)।

आयत 12. और वर्षा चालीस दिन और चालीस रात निरंतर पृथ्वी पर होती रही। यह वचन परमेश्वर के वायदे को दर्शाता है जो, 7:4 में दिया गया था और पूरा किया गया। वर्षा की अवधि - जो कि एक महीने से अधिक थी - एक भयानक जल प्रलय की ओर संकेत करती है।

आयत 13. नूह और उसके पुत्रों, शेम, हाम, और येपेत का वर्णन, नूह की पत्नी और उसके बेटों की तीन पत्नियों के वर्णन से पहले किया जाना एक पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। नूह और उसके पुत्रों को हमेशा से नूह की पत्नी और उनके बेटों की पत्नियों से पहले रखा गया है (6:18; 7:7, 13; 8:18)। इस कहानी में महिलाओं में से किसी के भी नाम का वर्णन नहीं हैं: न तो नूह की पत्नी का और न ही उसके तीन बेटों की पत्नियों का। अय्यूब की पत्नी की तरह (अय्यूब 2:9, 10), नूह की पत्नी भी अपने पति के द्वारा जानी जाती है।

हालांकि हम जल प्रलय से पहले की कहानी में शामिल महिलाओं के बारे में बहुत कम जानते हैं, फिर भी हमें पर्याप्त बाते पता है: वे लेमेक के साथ नैतिक पतन का हिस्सा नहीं थी (4:19) जो जल प्रलय के आरम्भ होने तक था (6:5)। चारों स्त्रियाँ एकल विवाह का हिस्सा थीं। नूह के परिवार में कुल आठ लोग थे (1 पतरस 3:20), और अब्राहम की कहानी तक शेत के वंश में एक भी ईश्वरीय पात्र नहीं हुआ जिसके एक से अधिक पत्नी थी।

आयतें 14, 15. लेखक ने उन बातों को फिर से लिखना और विस्तार करना प्रारम्भ किया जिनके विषय में वह पहले से ही 7:6-10 में वर्णन कर चुका है: जहाज़ में नूह और उसके परिवार का प्रवेश, नाना प्रकार के **जीव जन्तु, मवेशी, रेंगने वाले जीव, और पक्षी, इन सभी का प्रवेश। यह कथन कि नूह और यह सभी जीव जन्तु जहाज़ में चले गये** न केवल 7:9 में दिया गया है परन्तु 6:19, 20 की ओर भी संकेत करता है। नूह को इन पशुओं की खोज नहीं करनी पड़ी; परमेश्वर उन्हें उसके पास लाया। यह दृश्य उस दृश्य के समान था जिसमें परमेश्वर जीव

जन्तुओं को आदम के पास वाटिका में नाम रखने के लिए लाया था (2:19)। वर्तमान स्थिति में, वे नूह के पास दो-दो के जोड़ो में आये थे ["दो-दो के रूप में"; NKJV] **सब प्राणी, जिनमें जीवन की सांस थी**। यह भाषा 6:17 में पुनः दोहराई गयी, जहां पर "सब प्राणी जिसमें जीवन की सांस है" कथन नाश होने वाले सभी प्राणियों के विषय में है। इसके विपरीत, इन प्राणियों को जहाज़ की शरण में बचाया जाएगा।

आयत 16. अधिक जानकारी को सम्मिलित करने का कारण विश्वास के एक निर्णायक कार्य पर ज़ोर देना है जो इन आठ जनों के भरोसे के लिए महत्वपूर्ण था, जो न तो जहाज़ में प्रवेश करने से झिझके और न ही एतराज जताया जब **परमेश्वर ने उनके पीछे द्वार बंद किया**। क्या जहाज़ उन्हें सुरक्षित रख पायेगा और बाहर चल रहे उग्र आंधी तूफ़ान से उन्हें बचा पायेगा, या यह एक कब्र बन जायेगा, जिसमें से वे बच नहीं पाएंगे, क्योंकि प्रभु ने उन्हें इसमें बंद कर दिया था? मानवीय दृष्टिकोण से, वहाँ बच निकलने की कोई गारंटी नहीं थी; उनके पास केवल परमेश्वर का वायदा था। चूंकि ये अपरिचित पानी था, जिसमें अभी तक कोई भी मल्लाह नहीं गया था, नूह और उसके परिवार को एक बड़े विश्वास की जरूरत थी ताकि वे खुद को पूर्ण रूप से परमेश्वर के हाथों में सौंप दें जबकि वे जहाज़ में प्रवेश करने जा रहे थे और अपने पीछे दरवाजे को बंद होते सुन रहे थे (इब्रा. 11:7)।

जल का बढ़ना और शिखर तक पहुंचना (7:17-24)

17और पृथ्वी पर चालीस दिन तक प्रलय होता रहा; और पानी बहुत बढ़ता ही गया जिस से जहाज़ ऊपर को उठने लगा, और वह पृथ्वी पर से ऊंचा उठ गया। 18और जल बढ़ ते-बढ़ते पृथ्वी पर बहुत ही बढ़ गया, और जहाज़ जल के ऊपर तैरता रहा। 19और जल पृथ्वी पर अत्यन्त बढ़ गया, यहां तक कि सारी धरती पर जितने बड़े-बड़े पहाड़ थे, सब डूब गए। 20जल तो पन्द्रह हाथ ऊपर बढ़ गया, और पहाड़ भी डूब गए 21और क्या पक्षी, क्या घरेलू पशु, क्या बनैले पशु, और पृथ्वी पर सब चलने वाले प्राणी, और जितने जन्तु पृथ्वी में बहुतायत से भर गए थे, वे सब, और सब मनुष्य मर गए। 22जो जो स्थल पर थे उन में से जितनों के नथनों में जीवन का श्वास था, सब मर मिटे। 23और क्या मनुष्य, क्या पशु, क्या रेंगने वाले जन्तु, क्या आकाश के पक्षी, जो जो भूमि पर थे, सो सब पृथ्वी पर से मिट गए; केवल नूह, और जितने उसके संग जहाज़ में थे, वे ही बच गए। 24और जल पृथ्वी पर एक सौ पचास दिन तक प्रबल रहा।

आयत 17. यह कथन कि **जल प्रलय पृथ्वी पर चालीस दिन तक रहा** 7:12 के समानंतर हैं, जिसके अनुसार चालीस दिन और रात तक वर्षा होती रही। वर्षा की बहुतायत के कारण पानी में वृद्धि होती रही, और यह जहाज़ को ऊपर

उठाती रही कि वह पृथ्वी की सतह से ऊपर पहुंच गया। वर्षा बंद होने के बाद, पानी बढ़ता रहा, संभवतः भूमिगत स्रोतों और हिमखंडों के पिघलने से।

आयतें 18-20. आगे, पाठ के अनुसार **पानी तीन अलग-अलग तरीकों से प्रबल होता गया**। (1) यह तब तक बढ़ता रहा जब तक जहाज़ पानी (7:18) की सतह पर तैरने न लगा। (2) यह इतना अधिक बढ़ा, कि **परिणामस्वरूप आकाश के नीचे सभी ऊंचे पहाड़ों को पानी ने ढांप लिया** (7:19)। (3) यह पन्द्रह हाथ ऊंचा हो गया, जिससे पहाड़ों के ऊपर एक आवरण जैसा छा गया हो (7:20)।

7:18-20 में जिस शब्द "प्रबल" को גָּבַר *(गबर)* से अनुवाद किया गया है उसका अर्थ है "मज़बूत होना"[8] यह अक्सर उन पराक्रमी योद्धाओं के लिए प्रयोग किया जाता है जो अपने दुश्मनों के साथ जीवन और मृत्यु के युद्ध में लगे हुए होते हैं, जैसे कि दाऊद के "शक्तिशाली पुरुष" जिन्होंने वीरता के कई कारनामों का प्रदर्शन किया (2 शमूएल 23:8-39; 1 इतिहास 11:26-47)। इब्रानी विचार में, यहोवा एक सच्चा "राजाओं के परमेश्वर" हुआ है (दानिएल 2:47), जो एक महान योद्धा और राजा कहलाया जब उसने लाल सागर में फिरौन की सेना को उखाड़ फेंका (निर्गमन 15:1-18)। इस प्रकार, परमेश्वर ने छुटकारा प्राप्त किए हुए लोगों, इस्राएल को बनाने के द्वारा अपनी "शक्ति" का प्रदर्शन किया (भजन 106:8; 145:4, 11, 12)। उसकी शक्ति के सबसे बड़े कार्य *(गबर)* का प्रदर्शन उसकी अद्भुत रचना और कायनात के नियन्त्रण, संसार, और उसमें रहने वाले जीवन के सभी रूपों के नियंत्रण में किया गया। (भजन 65:5-13; 89:9-13)।

उत्पत्ति इस बात को प्रकट करती है कि परमेश्वर ने, मूल रचना में, "गहरे" स्थान के पानी को अलग करके एक "विस्तार" या अंतर रखा जो आकाश कहलाया जिससे सूखी भूमि प्रकट हो जाए और पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत हो सके (1:2-9)। जल प्रलय के दौरान, ऊपर का पानी और नीचे का पानी मिल गये, जैसे प्रतीकात्मक रूप में, ताकतवर योद्धा अपने कारागार से निकलकर पृथ्वी पर रहने वाले हर जीव जन्तु के विरुद्ध टूट पड़े। परमेश्वर का शक्तिशाली कार्य सृष्टि के विरुद्ध हो गया, और सारी मानव जाति, पशुओं, पक्षियों और रेंगने वाले जन्तुओं को मौत के घाट उतार डाला, और सिर्फ वे ही बच सके जिन्होंने जहाज़ के भीतर ईश्वरीय शरण को पाया था।

आयतें 21-24. जल प्रलय की शब्दावली इस खाते में स्पष्ट रूप से सार्वभौमिक है: "आकाश के नीचे सभी ऊंचे पहाड़ जलमग्न हो गये" (7:19), और **पृथ्वी पर फिरने वाले सब प्राणी**, **मानव जाति समेत नाश हुए** (7:21)। इन विनाश में वे सब सम्मिलित थे जिनमें जीवन का श्वास था (7:22)। **जल प्रलय ने पृथ्वी पर से हर एक जीवित प्राणी को मिटा डाला था।** यह पाठ पुष्टि करता है कि केवल नूह और वे लोगों बचे थे जो जहाज़ में थे (7:23)। अध्याय **अंत में इस बात के साथ समाप्त होता है कि पानी पृथ्वी पर एक सौ पचास दिन तक प्रबल रहा** (7:24)।

इन वचनों के पठन के परिणामस्वरूप यह स्वीकार किया गया है कि एक सार्वभौमिक (सर्वव्यापी) जल प्रलय ने सभी पहाड़ों को ढांप लिया था और

जहाज़ में रहे लोगों को छोड़कर सभी जीवित प्राणियों को नष्ट कर दिया, फिर भी कई लोगों का तर्क है कि यह एक क्षेत्रीय जल प्रलय था जो प्राचीन मेसोपोटामिया के क्षेत्र तक ही सीमित था। उनका दावा है कि भूवैज्ञानिक और पुरातात्विक प्रमाण इस प्रकार के एक संसार भर में घटे भयावह घटना का समर्थन नहीं करता। इसी तरह के तर्क वैज्ञानिक समुदाय में दिए गये है जो संसार, पशुओं, और मनुष्य के सृजन का खंडन करता है। जल प्रलय के संबंध में वैज्ञानिक रूप से क्या सिद्ध किया जा सकता है या नहीं यह एक चर्चा का विषय है जो इस टीके के दायरे से बाहर है, लेकिन यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि विज्ञान प्राचीन अतीत की घटनाओं को असत्य सिद्ध करने या सत्यापित करने की क्षमता में सीमित है।[9]

इस पाठ को स्वयं बात करने के लिए अनुमति दी जानी चाहिए। यह मुख्य बाइबलीय तर्क को प्रस्तुत करने के लिए सहायक हो सकता है जो कि आगे निर्धारित किया गया है, उन दोनों बातों को जो सार्वभौमिक जल प्रलय के पक्ष में और इसके विरुद्ध में विवाद करने के लिए प्रयोग किया जाता है।[10] बाद के दृश्य के संबंध में, यह बताया जाता है कि इब्रानी शब्द תֵּבֵל (*थेबेल;* देखें अय्यूब 34:13) जो संसार को सम्पूर्ण रूप में दर्शाता है, इस वर्णन में प्रकट नहीं होता। इस पद में प्रयोग किया गया शब्द אֶרֶץ *(एरेट्स)* है, जिसे "पृथ्वी" अनुवाद किया गया है। हालांकि यह सच है कि *(एरेट्स)* का अर्थ एक छोटा क्षेत्र भी होता है जैसे कि कनान की "भूमि" (जिसका प्रयोग 12:1-10 में आठ बार किया गया है) या फिर अन्य स्थानीय क्षेत्र (2:11-13; 4:16; 10:10; 11:2) इसे 1:1, 2 और 2:4 में पूरी पृथ्वी के लिये भी प्रयोग किया गया है। चूंकि यह शब्द सृष्टि की रचना के वर्णन में पाया जाता है, यह तार्किक रूप से परमेश्वर के ठहराए हुए जल प्रलय के द्वारा सृष्टि के विनाश के लिए भी अनुवाद किया गया है।

एक और तर्क इस पाठ से मिलता है जिसमें इब्रानी शब्द כֹּל *(कोल)* का प्रयोग किया गया है जिसका अनुवाद "सभी," "हर एक" या "हर जगह" जल प्रलय के सम्बन्ध में आठ बार किया गया है (7:19-23)। कई बार इसका सार्वभौमिक अर्थ नहीं होता, लेकिन लेखक द्वारा इसे एक स्थानीय दृष्टिकोण से प्रयोग किया जाता है (41:57; व्यव. 2:25)। नए नियम में इसी रीती से यूनानी शब्द πᾶς (*पास,* "सभी" या "हर") का प्रयोग किया गया है (प्रेरितों 2:5; कुलु. 1:23)। हालांकि, इस प्रकार का तर्क दुविधापूर्ण है। कोल शब्द का सार्वभौमिक अर्थ 1:21, 26 में सृष्टि की रचना कथा में मांगी गयी है, और ऐसा प्रतीत होता है कि यह सृष्टि के विनाश के वर्णन में भी समान अर्थ रखता है (7:19-23)। बाइबल के पाठ की दृष्टि से अगर देखा जाए तो, एक सार्वभौमिक जल प्रलय के होने की संभावना सही है।

अनुप्रयोग

परमेश्वर की देरी पश्चाताप के लिए अनुमति देने के लिए (अध्याय 7)

हम नहीं जानते कि परमेश्वर ने आने वाले जल प्रलय की चेतावनी नूह को उस समय तक कितनी बार दी होगी जब तक कि उसने नूह के परिवार के भीतर जाने के बाद दरवाज़ा बंद नहीं कर दिया और वर्षा न गिरने लगी। सबसे अधिक संभावना है, कि इन दो घटनाओं के बीच कई दशकों का समय गुज़र गया होगा। समय अवधि जो भी हो, यह इस विश्वासयोग्य पात्र के लिए काफी लम्बी और थका देने वाली लग रही होगी जब वे आने वाले न्याय के विषय में दूसरों को चेतावनी दे रहे होंगे, जहाज़ का निर्माण कर रहे होंगे, और साल भर के लिए ज़रूरत की आपूर्ति एकत्रित कर रहे होंगे जो जल प्रलय के दौरान उन्हें जीवित रखने के लिए पर्याप्त होगी।

ईश्वरीय न्याय में देरी हमेशा परमेश्वर के सेवकों के लिए समस्याओं को उत्पन्न करती है। यिर्मयाह ने चालीस वर्ष तक यहूदा के लोगों को प्रचार किया, याचना और चेतावनी भी दी, यह कहकर कि परमेश्वर का न्याय "उत्तर से" आ रहा था (बाबुल से, यिर्म. 1:13; 4:6; 6:22; 10:22; 13:20; 25:9)। परमेश्वर के द्वारा पाप के लिए ठहराया हुआ दंड दाऊद के वंश के विरुद्ध उसके राज्य की तबाही और लोगों की कैद के रूप में आ रहा था। नबी बार-बार तब तक यह घोषणा करता रहा कि वहाँ हर तरफ ... आतंक होगा" (यिर्म. 6:25; 46:5), जब तक कि लोगों ने यह कहकर उसका मज़ाक उड़ना न शुरू कर दिया कि आ गया वही जो "हर तरफ आतंक मचाता है!" (यिर्म. 20:10 देखें)।

देरी से आनेवाला न्याय अक्सर न्याय से इनकार होता है; लोग केवल देखी गयी बातों पर ही विश्वास करने के लिए इच्छुक रहते हैं। नया नियम सिखाता है कि जैसा नूह के दिनों में था, वैसा ही मसीह के दूसरे आगमन पर होगा (मत्ती 24:37-39)। ठट्ठा करने वाले कहेंगे, "कहाँ है उसके आने की प्रतिज्ञा?" वे अंत के समय में आने वाले न्याय के विचार पर हँसेंगे क्योंकि संसार इतने लंबे समय के लिए बिना किसी रुकावट के चलता जायेगा (2 पतरस 3:3, 4)। पतरस ज़ोर देता है कि इस प्रकार से ठट्ठा करनेवाले नूह के समय में हुए जल प्रलय के बारे में भूल जाते हैं (2 पतरस 3:5-7)। इसके अलावा, वह ज़ोर देकर कहता है कि, यदि न्याय होने में देर लग रही है तो, यह केवल परमेश्वर के धैर्य की वजह से है: वह, "किसी को भी नाश करने के लिए इच्छुक नहीं है, लेकिन सभी पश्चाताप कर ले इसलिए इच्छुक है" (2 पतरस 3:9)। ठीक ऐसा ही,जल प्रलय से पहले हुआ था, "नूह के दिनों में परमेश्वर धीरज से जहाज़ के निर्माण का इंतजार कर रहा था, जिसमें आठ व्यक्तियों को रखकर पानी में से सुरक्षित लाना था" (1 पतरस 3:20)। और जैसे परमेश्वर ने अपने अनुग्रह के द्वारा न्याय में देरी की, संसार की अधिकतर आबादी आत्मिक रीति से सुस्ती हो गयी। क्योंकि लोगों ने नूह के

प्रचार पर कोई ध्यान नहीं दिया था। (2 पतरस 2:5), वे भयावह जल प्रलय में नाश हो गये जो पृथ्वी पर आई थी।

जीवन के लिए परमेश्वर का निमंत्रण (अध्याय 7)

परमेश्वर ने नूह और उसके परिवार को जहाज़ में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित किया ताकि वे जल प्रलय से बचाये जा सके (7:1, 13)। इस परिवार को सुसमाचार ("अच्छी खबर") प्राप्त हुआ कि विनाश आ रहा था लेकिन परमेश्वर उनके लिए उद्धार का एक तरीका प्रदान करेगा। इस सुसमाचार का मतलब है कि परमेश्वर ने अपने लोगों को संसार पर आने वाली तबाही से बचाने के लिए वादा किया था। यदि वहाँ कोई खतरा नहीं होता, तो कोई उद्धार भी नहीं होता: मृत्यु (निर्णय) से होने वाला छुटकारा। प्रत्येक व्यक्ति के पास इस उद्धार को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए छूट थी।

परमेश्वर द्वारा जीवन का आमंत्रण मूसा के द्वारा (व्यव. 30:19, 20), नबी के द्वारा (यशायाह 52:1-12; 55:1-13; 60:1-14; यिर्म. 3:14-4:4; 6:16; 18:1-12; 31:21-34; और अन्य), और विशेष रूप से मसीह के माध्यम से। यीशु लोगों को विश्वास और आज्ञाकारिता से कार्य करने के लिए बुलाता है (1) ताकि उसके द्वारा शांति पायें (मत्ती 11:28-30); (2) "जीवन का जल" (अनन्त जीवन) पवित्र आत्मा के माध्यम से पीने के लिए है जिसे वह बाद में भेजेगा (यूहन्ना 4:10-15; 7:37-39); (3) उसके साथ रोटी तोड़ने के लिए अगर वे अपने दिल के दरवाज़े उस के लिए खोलते हैं (प्रका. 3:20); और (4) "जीवन का पानी" पीने के लिए जो परमेश्वर "के सिंहासन से आता है" (प्रका. 22:1)। "आत्मा और दुल्हन" (छुटकारा प्राप्त किया हुआ) सभी को इस निमंत्रण को स्वीकार करने के लिए बुलाया गया है (प्रका. 22:17)।

पतरस ने नूह और उसके परिवार के तथा उन लोगों के बीच जो यीशु की बुलाहट का जवाब देते हैं, उद्धार की समरूपता देखी। जो लोग बचना चाहते हैं उसके जी उठने पर विश्वास करके मसीह के बपतिस्मा के लिए आधीन हो जाए (1 पतरस 3:20, 21; देखें रोमियों 6:3-5)। हमारे लिए मर कर, वह हमारे आत्मिक जहाज़ का कार्य करता है, जो हमें न्याय के समय सुरक्षित ले जायेगा। बचाए गये लोग एक नई सृष्टि का हिस्सा बन जायेंगे (2 कुरि. 5:17), जैसा कि उन आठ प्राणियों ने किया जो संसार में जल प्रलय के बाद ऐसे संसार में प्रवेश कर पाए जो सारी बुराई से साफ धोया गया था।

जहाज़ में प्रवेश करने का आदेश स्वीकार करना बेहद मुश्किल था। संसार में कोई भी ठोस प्रमाण नहीं था कि इस प्रकार का एक जल प्रलय वास्तव में हो सकता है। यहां तक कि अगर यह होता भी है, तो कोई ठोस सबूत दिखाने के लिए नहीं है कि इससे वास्तव में पृथ्वी पर जीवन को नष्ट किया जायेगा। नूह और उसके परिवार के पास एक ही रास्ता था, राहगीरों, दोस्तों को, या उनके परिवार के अन्य सदस्यों को परमेश्वर के वचन सुनाना। उसके शब्द में विश्वास करने के लिए ऐसे विश्वास की आवश्यकता है कि जो "अनदेखा" है या - "अभी

तक नहीं" है उस पर विश्वास किया जाए (इब्रा. 11:1, 7)। इस प्रकार का विश्वास न केवल इस बात को स्वीकार करना है की परमेश्वर "है" लेकिन यह भी मानना है कि "वह उसे प्रतिफल देता है जो उसे ढूंढता है" (इब्रा. 11:6)।

ईश्वरीय आदेश का पालन करने में कठिनाई यह है कि ऐसे संसार को पीछे छोड़कर चल पड़ना जो सामान्य रूप से चल रहा हो। आज्ञाकारी लोगों को एक जहाज़ में बंध कर रहना पड़ता है और शायद ऐसी जगह पर जो अत्यंत विरल आवास था। सभी प्रकार के घरों और संपत्ति, साथ ही दोस्तों और अन्य बड़े परिवार के सदस्यों के रूप में हर सांसारिक ज़रूरतों को पीछे छोड़ दिया जाना पड़ता है। हालांकि नूह और उसके परिवार ने कोशिश तो बहुत की, परन्तु वे अपने जहाज़ में साथ देने के लिए एक व्यक्ति को भी लाने में असमर्थ रहे। इसका मतलब था कि जो कुछ वे जानते थे और जो भी उनके जीवन में अनुभव किया था वह सब हमेशा के लिए चला गया होगा। अब उनका भविष्य क्या होगा? किस प्रकार का जीवन वे जीएंगे? एक अलग संसार में सब फिर से शुरू करने के लिए यह प्रयास कामयाब हो सकता है? ये और ऐसे कई अन्य सवाल उनके मन में भर जाने चाहिए, क्योंकि वे विश्वास से जहाज़ में प्रवेश कर रहे थे।

परमेश्वर पर नूह का भरोसा (7:1)

इब्रानियों के लेखक ने पुष्टि की है कि नूह का विश्वास उसे अनदेखी वस्तुएं देखने के लिए सक्षम करता था:

> विश्वास ही से नूह ने उन बातों के विषय में जो उस समय दिखाई न पड़ती थीं, चितौनी पाकर भक्ति के साथ अपने घराने के बचाव के लिये जहाज़ बनाया, और उसके द्वारा उस ने संसार को दोषी ठहराया; और उस धर्म का वारिस हुआ, जो विश्वास से होता है (इब्रा. 11:7)।

आने वाला जल प्रलय उसके लिए इतना वास्तविक बन गया था की वह लोगों से मिन्नत कर के किसी भी कीमत पर उन्हें पाप से हटा कर परमेश्वर की ओर वापस लाना चाहता था। पूरे समय जब वह जहाज़ बना रहा था - शायद उपहास और विरोध के बावजूद उसने निर्माण जारी रखा (देखें 1 पतरस 3:20)।

धार्मिकता कोई ऐसी वस्तु नहीं थी जो नूह ने अच्छे काम कर के हासिल की हो। यह परमेश्वर में उसके विश्वास का परिणाम था (जैसे अब्राहम ने बाद में किया; 15:6; रोमियों 4:1-3)। नूह परमेश्वर के द्वारा ऐसे पुरूष के रूप में देखा गया था जो स्वयं को बचाने के लिए अपने कार्य या प्रयासों पर भरोसा नहीं रखता, बल्कि जिसने परमेश्वर पर भरोसा रखा और स्वयं को उसकी देख-रेख में दे दिया। जहाज़ बनाने में नूह की आज्ञाकारिता स्वाभाविक तौर से उसके विश्वास का परिणाम था, जो परमेश्वर के अनुग्रह पर आधारित था (6:8, 9)। इसलिए, परमेश्वर ने उसे "धर्मी" (गिना) देखा।

जहाज़ को बनाने की समय अवधि (7:6)

उत्पत्ति 5:32 तथा 7:6 में इस प्रश्न को लेकर कुछ प्रासंगिकता है की नूह ने इस जहाज़ का निर्माण करने के लिए कितना समय लिया। इन लेखों की उपेक्षा कर, कुछ ने 6:3 से यह निष्कर्ष निकाला है कि उसे 120 वर्ष लग गए। हालांकि, उस पद में, परमेश्वर ने संसार को नष्ट करने से पहले सिर्फ अनुग्रह की अवधि को ठहराया था। वचन जहाज़ के निर्माण के बारे में कुछ नहीं कहता। इसके अलावा, परमेश्वर के वचन किसी विशेष व्यक्ति की ओर निर्देशित नहीं हैं। स्पष्ट तौर से, परमेश्वर ने पृथ्वी को नष्ट करने के निर्णय को नूह को बताने से कई वर्षों पहले ले लिया था।

जब परमेश्वर ने जहाज़ के निर्माण के बारे में नूह को निर्देश दिये, उसने उसके साथ एक वाचा स्थापित करने का वादा किया; और नूह अपनी पत्नी, अपने बेटे और अपने बेटों की पत्नियों के साथ जहाज़ में प्रवेश करेगा (6:18)। एक ही तरीका है यह पता लगाने का कि 120 वर्ष की समय सीमा को बनाए रखने का अनुमान है कि परमेश्वर ने नूह के पहले बेटे के जन्म से बीस वर्ष पहले बात की होगी। हालांकि, यह कल्पना करना अधिक स्वाभाविक लगता है कि नूह के तीन बेटे: शेम, हाम, और येपेत पहले से ही पैदा होकर बड़े भी हो गए थे, और जब परमेश्वर ने नूह से बात की उस समय तक विवाहित भी थे।

नूह का पहला बेटा पैदा हुआ, जब वह 500 वर्ष का था (5:32)। यदि उसके तीन बेटों में से प्रत्येक के जन्म के बीच कुछ वर्षों के अंतर को लगाते हैं (देखें 10:21; 11:10) और अन्य बीस वर्ष उनके बड़े होने और विवाह करने के लिए देते हैं तो, परमेश्वर ने सबसे पहले नूह से बात उस समय की होगी जब उसकी आयु लगभग 525 वर्ष की रही होगी। वचन के अनुसार जल प्रलय पृथ्वी पर तब आया जब नूह 600 वर्ष का था (7:6)। इसका मतलब यह है कि नूह और उसके पुत्रों को जहाज़ के निर्माण के लिए ज्यादा से ज़्यादा 75 वर्ष का समय मिला होगा। हालांकि, निर्माण की अवधि इस तुलना में काफी कम हो सकती है।

समाप्ति नोट्स

[1]उत्पत्ति 17:9-14 बताता है कि व्यवस्था दिए जाने से पहले से ही खतना महत्वपूर्ण था। यह परमेश्वर की वाचा का चिन्ह था जो मूसा के साथ नहीं, लेकिन अब्राहम के साथ आरम्भ हुआ था। [2]बाइबल में उत्पत्ति 4:4 में आरम्भ होते ही "चालीस" एक महत्वपूर्ण अंक बन जाता है (देखें निर्गमन 16:35; 24:18; 34:28; गिनती 13:25; 32:13; न्यायियों 3:11; 5:31; 8:28; 2 शमूएल 5:4; 1 राजा 11:42; 19:8; मत्ती 4:2; प्रेरितों 1:3; 7:23, 30, 36; 13:21)। [3]मत्ती 24:37-39 इस बात का वर्णन करता है कि नूह और उसके परिवार के जहाज़ में प्रवेश से पहले के समय की अवधि में लोग क्या कर रहे थे। यीशु के द्वारा ऊपर दिए गए कथन के अलावा, यहूदी साहित्य में इस अवधि के दौरान हुई घटनाओं के बारे में कई अटकलें शामिल हैं। (केनेथ ए. मैथ्यूज, *उत्पत्ति 1-11:26*, द न्यू अमेरिकन कमेंट्री, वॉल्यूम 1. [नैशविल: ब्रौडमैन & होलमैन प्रकाशक, 1996], 374].) [4]देखें "यहूदी कैलेंडर" कॉय डी. रोपर में, *एक्सोडस*, ट्रुथ फॉर टुडे कमेंटरी (सीरक्य, अर्क.: रिसोर्स पब्लिकेशन, 2008), 187. [5]यदि इस पाठ में वर्ष का माप चंद्र कैलेंडर

(354 दिन) पर आधारित होता तो जहाज़ में नूह के समय (एक वर्ष और ग्यारह दिन) एक सौर वर्ष (365 दिन) के बराबर होगा। (जॉन एच. वाल्टन, विक्टर एच. मैथ्यू, और मार्क डब्ल्यू. चवलास, *आईवीपी बाइबल पृष्ठभूमि टीका: ओल्ड टेस्टामेंट* [डाउनर्स ग्रोव, इल्लियानोस: इंटरवरसिटी प्रेस, 2000], 38.) [6]उदाहरण के लिए, जॉन ई हार्टले ने प्राचीन दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए बताया है की एक "ठोस गुंबद" उपर के पानी को रोक कर रखता है जब तक वे "झरोखे" खोले न जाएँ। (जॉन ई. हार्टले, *जेनेसिस*, न्यू इंटरनेशनल बिब्लिकल कमेन्ट्री [पीबडी, मास.: हेंडरिकसन प्रकाशन, 2000], 45, 103.) [7]विक्टर पी. हैमिल्टन, "אֲרֻבָּה," *TWOT* में, 1:68. [8]एच. कोस्माला, "גֶּבֶר," इन *थेओलोजिकल डिक्शनरी ऑफ़ दी ओल्ड टेस्टामेंट*, ट्रांस. जॉन टी विलिस, एड. जी जोहानिस बोटरवेक एंड हेल्मर रिंग्रेन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन.: डब्लूएम. बी एर्डमैन्स पब्लिशिंग कम्पनी, 1975), 2:367-69. [9]उल्लेखनीय है कि मछली जीवाश्म पुरे संसार में ऊंचे पहाड़ों पर पाए जाते हैं, जिसकी एक व्यक्ति स्वाभाविक रूप से एक वैश्विक जल प्रलय के बाद उम्मीद कर सकता है। [10]देखें जॉन एच. वाल्टन, *क्रोनोलॉजिकल एंड बैकग्राउंड चार्ट्स ऑफ़ दी ओल्ड टेस्टामेंट* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवन पब्लिशिंग हाउस, 1994), 100-101.